# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

करवा चौथ की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024



ईश

GOLD | DIAMOND | POLKI

HAVE YOU MADE YOUR

#EISHCOMETRUE?



WHAT MAKES EISH A GREAT CHOICE?

Exclusive, top-quality diamonds unmatched across India.

**(DEF COLOUR & VVS CLARITY)**

Find your signature piece from Eish also at
ANAND JEWELS, PANDRI, RAIPUR

EISH®

by ANAND Jewels

NRK HIGH STREET, A.B. ROAD, INDORE

EISHBYANAND



मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

# स्माइल प्लीज...
## लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

**तनाव-गुस्सा हो जाए गायब:** आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है।



क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।

**मूड बन जाए बेहतर:** समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।



**दूसरों को मिलती है खुशी:** मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

**जीते हैं लंबी जिंदगी:** मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

**निखरती है सोशल इमेज:** खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

### मुस्कुराहट के प्रकार

**वैसे मुस्कुराहटें** तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।



# युवा पीढ़ी समझती है वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

रिलेशनशिप
डॉ. मोनिका शर्मा

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

**बरकरार है जिम्मेदारी का भाव:** दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।

**साथ बने रहने की सोच:** हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी ओर बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।



**जीवन संवारने वाला भरोसा:** कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

दोहे
केदार शर्मा 'निरीह'

## प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

लघुकथाएं

## वचन

प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'

'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।

पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

**- गोविंद भारद्वाज**



## सम्मान

आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'



आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।

प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *

**-शीला श्रीवास्तव**

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *




**पत्रिका:** इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), **संपादक:** संजय कुमार गर्ग, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** हिंदी अकादमी, दिल्ली

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

## कस्टम मिलिंग के चावल की अफरातफरी राइस मिल एक साल के लिए ब्लैकलिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

### वसूली का आदेश जारी

मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट राइस मिल में कम पाए गए धान 5682.78 क्विंटल की राशि लगभग 1 करोड 40 लाख रुपए जिला विपणन अधिकारी जिला राजनांदगांव में मिलर द्वारा जमा बैंक गारंटी से तत्काल वसूली किए जाने आदेशित किया गया है।

जिले में कुछ राइस मिलरों द्वारा कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने में रूचि नहीं लेने के मामले को लेकर खाद्य विभाग द्वारा कार्रवाई शुरू की गई है। जिसके तहत जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र स्थित ग्राम राका के एमजे फूड प्रोडक्ट को एक वर्ष के लिए काली सूची में दर्ज किया गया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कस्टम मिलिंग के अंतर्गत चावल जमा कराया जा रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट ग्राम राका तहसील डोंगरगढ एवं जिला राजनांदगांव की जांच की गई ।

जांच में मिल परिसर में कस्टम मिलिंग के तहत उठाव किए गए धान के विरूद्ध 5682.78 क्विंटल धान कम पाया गया है। मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत चावल जमा किए जाने में रूचि नहीं लिए जाने तथा धान की कस्टम मिलिंग न कर शासकीय धान की अफरातफरी की गई है, जो कि छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4 (3) एवं कंडिका 4 (5) का उल्लघंन होने के कारण मोहम्मद जिया उल हक द्वारा संचालित राईस मिल मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट को एक वर्ष के लिए काली सूची में दर्ज किया गया है।

कलेक्टर के निर्देशन में जिले के राईस मिलों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त निर्देश के परिलपालन में आज दिनांक तक जिले के 9 राईस मिलर्स पर कार्रवाई करते हुए कुल 35877 क्विंटल धान एवं 14650 क्विंटल चावल जब्त किया गया है और प्रकरण बनाकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।












## खबर संक्षेप

### खुज्जी में स्वच्छता त्यौहार

**खुज्जी।** ग्राम में स्वच्छता त्यौहार का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया।



जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समूह की महिलाएं तथा ग्रामीणों ने बाजार चौक सहित चौक चौराहों की सफाई किया। दुकानदारों को ग्राम पंचायत ने कचरा के व्यवस्थित निपटान हेतु अनुबंध पत्र दिया। सूखा कचरा देने प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, सीईओ नवीन कुमार, होरीलाल साहू, देवेंद्र उइके, मेघा कुर्रे, विजय देवांगन आदि उपस्थित थे।

### सिंघोला में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम

**हरदी।** सिंघोला में आदर्श दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में कल 20 अक्टूबर को लोकमंच राग अनुराग दुर्ग वालों का कार्यक्रम रखा गया है। ग्रामवासियों ने आसपास के लोगों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी चेतन ठाकुर एवं ढालसिंह साबला ने दी।

### जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

**बांधाबाजार।** प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला जोशीलमती में पदस्थ



शिक्षिका कल्पलता चन्द्रवंशी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों ने श्रीमती चन्द्रवंशी को तिलक, गुलाल लगाकर केक खिलाया। न्योता भोज में बच्चों को खीर, पुड़ी, भजिया, पापड़ आदि खिलाया गया। इस मौके पर शंभूदयाल नायक, पुष्पा कुंजाम, राकेश खोब्रागढे, जयंती ठाकुर, मोनोलिसा महला, अशोक पटेल, रेणुका, दुर्गाबाई, दिव्या भारती, बबिता साहू आदि मौजूद थे।

### साक्षरता केन्द्र में पुस्तक- कापी का वितरण

**डोंगरगांव।** उल्लास नवभारत साक्षरता केन्द्र कोहका में शिक्षार्थियों और



स्वयंसेवी शिक्षको को पुस्तक, कापी वितरण किया गया। शनिवार को साप्ताहिक बैठक रख कर समीक्षा किया गया। इस अवसर पर नोडल एएस पिस्दा, संकुल समन्वयक यशवंत देवांगन, कांति साहू, कुमुद साहू, खिलेश साहू, प्रियंका नागदेवे, केसरी वर्मा उपस्थित थे। निरक्षरों को नव साक्षरता केन्द्र में पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### स्वच्छता सामग्री का वितरण

**जेवरतला रोड।** ग्राम पंचायत गिधवा में जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा



सुधाकर, सरपंच विजय कुंजाम, उपसरपंच मंगलूराम देवदास, पंच प्रभा देवांगन, झामा देवांगन एवं भारतमाता वाहिनी स्व सहायता समूह के सदस्यों की उपस्थिति में स्वच्छताग्राहियों को जूता, हेलमेट, जाकेट, फावड़ा, धमेला आदि वितरित किया गया।

### उत्कृष्ट एचएम के लिए कोमल सिंह चयनित

**टाटेकसा।** मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना तहत दुर्ग संभाग स्तर पर



बेहतरीन कार्य करने वाले प्राचार्यों, प्रधानपाठकों एवं व्याख्याताओं का चयन किया गया। प्राथमिक शाला के उत्कृष्ट प्रधान पाठक के रूप में प्राथमिक शाला जोब के प्रधान पाठक कोमल सिंह गुरु का चयन किया गया है। श्री सिंह बच्चों को नित नए आयामों, नवाचारी प्रयोगों से गीत संगीत से प्रतिदिन बच्चों को शिक्षा देने के लिए जाने जाते हैं। श्री सिंह की इस उपलब्धि पर सियाराम मंडावी, दयाराम निषाद, मुकेश चन्द्रवंशी सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

### लापरवाही से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

# पंचायत दफ्तर में नहीं बैठते सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर



ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी माने जाने वाली पंचायतों में काफी अव्यवस्था देखा जा रहा है। पंचायतों में पदस्थ सचिवों की लापरवाही के चलते पंचायतों में अक्सर ताला लटका नजर आता है। महत्वूपर्ण व्यक्तियों के पंचायत मुख्यालय में मौजूद नहीं रहने से ग्रामीणों ने विभिन्न कामों के लिए भटकना पड़ता है।

यह संवाददता जब दोपहर दो बजे ग्राम पंचायत कनेरी और टाटेकसा पहुंचा तो कार्यालय में ताला लटका नजर आया। ग्रामीणों से बात करने पर पता चला कि कनेरी पंचायत का सचिव सुबह आया था। काम से जनपद पंचायत गया है जबकि रोजगार सहायक आया ही नहीं। यही हाल टाटेकसा पंचायत में भी देखने मिला। यहां न सचिव मिला और न रोजगार सहायक। ग्रामीणों ने बताया कि सचिव दो पंचायतो को देखता है इसलिए वह दूसरी पंचायत में हो सकता है। ऐसी स्थिति में रोजगार सहायक को कार्यालय में बैठना चाहिए पर वह भी जिम्मेदारी नहीं पूरी रहा।

#### एक रोजगार सहायक ऐसा भी

रोजगार सहायक जहां अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह नहीं निभा रहे हैं वही दूसरी ओर कलकसा में पदस्थ रोजगार सहायक नरोत्तम कुंजाम अन्य के लिए उदाहरण बना हुआ है। वह सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, योजनाओं से ग्रामीणों को वाकिफ कराने में हमेशा तत्पर रहते हैं। वह समय से पहले पंचायत पहुंचकर समय के बाद घर जाते हैं। उनका मानना है कि कार्य को ईमानदारी से किया जाए तो संतुष्टि मिलती है।

#### अल्प मानदेय में ढेरों काम

रोजगार सहायक का पद काफी महत्वपूर्ण होने के बाद भी उन्हे सरकारी सुविधा नहीं मिलती है। मानदेय अल्प है वह भी समय पर नहीं मिलता। महीनों भुगतान नहीं होने से भरण पोषण करने में परेशानी आती है। वर्तमान में तीन माह का मानदेय नहीं मिला है।

## लालपुर के 120 बच्चों को पढ़ाने मात्र दो शिक्षक

**गंडई पंडरिया।** क्षेत्र के अधिकांश स्कूलो में शिक्षकों की कमी है जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षको की कमी के चलते बच्चो का कोर्स समय पर



पूरा नहीं हो रहा है जिसे लेकर पालक और बच्चे चिंतित हैं। ग्राम पंचायत लालपुर स्थित प्राथमिक शाला में एक साल पहले तीन शिक्षक थे, किन्तु एक शिक्षक का प्रमोशन होने के बाद से स्कूल में दो शिक्षक हैं। प्रधानपाठक तोपसिंग रजक ने बताया कि वर्तमान वह और एक सहायक शिक्षक झमित कुँवर नेताम पदस्थ हैं। स्कूल में 119 बच्चे अध्ययनरत है। स्कूल में शिक्षक की कमी एक साल से बनी हुई है।

#### पीएम श्री स्कूल में विभिन्न गतिविधियां

पीएम श्री स्व लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय में गत दिनों दो दिवसीय विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। हिंदी माध्यम में वाद-विवाद और मैथ्स ओलंपियाड, अंग्रेजी माध्यम में वाद-विवाद, ओलंपियाड और कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रा रितिका देवांगन ने देउर मंदिर का आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। प्राचार्य पवन कुमार ददरया के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में व्याख्याता जसवीर सिंह नोडल अधिकारी थे। कार्यक्रम में जेएल देवांगन, वीएन रत्नाकर, नंदिनी जांगड़े, भुनेश्वरी साव, स्मितादास, देवेंद्र वासनिक, मुकेशकुमार यादव, शुभमसिंह, योगेश्वरी तारम, रामकुमार केंवट, मनीज दास और ममता सोनी शामिल हुए।प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और सर्टिफिकेट दिया जाएगा। प्रथम आने वाले विद्यार्थी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।







## सड़क पर कब्जा कर निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- शिकायत पर कार्रवाई नहीं

शहर में बिना अनुमति के मकान निर्माण करने के अलावा लोग आसपास की नीजि भूमि पर कब्जा करने लगे है। कालकापारा निवासी वन विभाग के कर्मचारी अलफ्रेड जोसफ सहित सुशीलबाई, शंकरकुमार, आशाराम, किरणबाई, कैलाश, रमेश, परमजीत सिंह, राजन भास्कर ने सीएमओ को ज्ञापन देकर बताया कि वार्ड 10 में एक हितग्राही आवास योजना के तहत मकान बनाने के बाद कब्जा कर बाउंड्रीवाल बना रहा है। मुख्य मार्ग पर कब्जा करने की शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं किया गया है। श्री जोसफ ने बताया कि मार्ग अवरूद्ध होने से लोगों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ेगा।




### राशि आहरण के बाद भी निर्माण अपूर्ण

**डोंगरगढ़।** कायस्थ समाज ने एल्डरमैन निधि से प्रस्तावित शौचालय एवं



बाथरूम के निर्माण को राशि आहरण के बाद भी पूरा नहीं कर राशि का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया है। समाज के अध्यक्ष फगेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि केदारबाड़ी स्थित कायस्थ समाजिक भवन में शौचालय एवं बाथरूम के लिए एल्डरमैन संजय श्रीवास्तव एवं मधु श्रीवास्तव ने 50- 50 हजार स्वीकृत किया था। दो साल बाद भी उक्त निर्माण को पूरा नही कराया गया है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत राशि का आहरण कर लिया गया है किन्तु बाथरूम में न दरवाजा लगाया गया है और न कुछ अन्य लगा है। छोटे-छोटे कक्ष बनाकर छोड़ दिया गया है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082




## गांवों में घूम रहा तेंदुआ का जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- वन विभाग के अधिकारी प्रतियोगिता में कर रहे ड्यूटी
- तेंदुआ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत

उपवन मंडल अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र में तेंदुआ का जोडा एवं शावक देखे जाने की खबर सामने आ रही है।

उपवन मंडल के अधिकारी 15 दिनों से रायपुर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में ड्यूटी कर रहे है जिसके कारण आसपास घुम रहे तेंदुआ को सुरक्षित जंगल में छोड़ने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। पिछले साल उपर मंदिर पहाड़ में तेंदूआ देखा गया था। बीते लगभग तीन माह में करेला भंडारपुर, ढारा, घोटिया, चौथना, भर्रीटोला और बननारा नाले के आसपास तेंदुआ को देखने की बात सामने आई है। शुक्रवार शाम 7 बजे के आसपास तेंदुआ का जोडा मुख्य सड़क पर देखा गया। वाहनों का जमावड़ा और शोरगुल होने के बाद तेंदुआ का जोड़ा जंगल की ओर भाग गया।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024



# घर-घर दस्तक देंगे मुहर्रिर: लोगों से जानेंगे उनके मकान के निर्माण का एरिया

## तीन दिन की समय अवधि तय, संपत्तिकर का दोबारा होगा निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संपत्ति कर की वसूली के मामले को लेकर स्वनिर्धारण फॉर्म में करदाताओं द्वारा निर्माण एरिया को कम बताए जाने के मामले से नगर निगम को हो रहे राजस्व नुकसान को देखते अब शहर के सभी वार्डों में डिमांड दुरूस्त करने वार्ड प्रभारी को तीन दिन के भीतर करदाता से स्वनिर्धारण फॉर्म में सही जानकारी भरवाने निर्देश जारी किया है।

नगर निगम द्वारा संपत्ति कर की वसूली के लिए करदाताओं द्वारा बताए गए जमीन व भवन निर्माण माप के अनुसार ही उनका टैक्स बनाकर संपत्ति कर की वसूली की जाती है, लेकिन कई कर दाताओं द्वारा अपने निर्माण एरिया को कम बताए जाने के मामले से नगर निगम को हो रहे राजस्व नुकसान को देखते अब शहर के सभी वार्ड में संपत्ति करदाताओं से स्वनिर्धारण फॉर्म दुरूस्त करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के उपायुक्त मोबीन अली ने राजस्व विभाग की एक बैठक लेकर वार्ड प्रभारी को तीन दिन के भीतर डिमांड दुरूस्त करने का निर्देश जारी किया है।

### राजस्व का हो रहा नुकसान

उपायुक्त ने राजस्व विभाग के राजस्व उप निरीक्षकों एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों की समीक्षा बैठक में वसूली के संबंध में वार्डवार जानकारी ली है। बैठक में कई वार्ड प्रभारी द्वारा डिमांड दुरूस्त नहीं करने के मामले को लेकर उन्हें हिदायत दी गई है। वार्ड प्रभारी द्वारा डिमांड दुरूस्त नहीं कराए जाने के चलते संपत्ति करदाताओं को उनके अतिरिक्त निर्माण का कर नहीं भेजा जा रहा है। जिससे नगर निगम को राजस्व नुकसान हो रहा है। ऐसे ही संपत्ति करदाताओं को चिन्हित करते नगर निगम ने उनके कर की अतिरिक्त राशि निकाली है, जो 36 लाख रुपए है। ऐसे में अब सभी वार्डों में स्वनिर्धारण फॉर्म दुरूस्त करने से करोड़ों रुपए की कर वसूली नगर निगम को होगी।



### घर-घर जाएंगे वार्ड प्रभारी

स्वनिर्धारण फॉर्म में करदाता द्वारा कम निर्माण क्षेत्र बताए जाने के बाद गूगल मैप के जरिये नगर निगम के अधिकारियों ने कुछ भवनों का माप किया है। जिसमें 583 लोगों के अतिरिक्त निर्माण पाए गए हैं। जिनके अतिरिक्त निर्माण के संपत्ति कर का पांच गुना पटाने नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद अब सभी से उनके निर्माण कार्यों को लेकर स्वनिर्धारण फॉर्म दुरूस्त करने की प्रक्रिया किए जाने का निर्देश जारी कर दिया गया है। जिसमें घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन कर नए सिरे से सही जानकारी का डिमांड तैयार किया जाएगा।

## धान बेचने से पहले किसानों का पंजीयन जारी, 31 अक्टूबर तक मोहलत

# तीन जिले के सवा 2 लाख किसानों से 79 दिनों में खरीदेंगे 144 लाख क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार ने कैबिनेट की बैठक में धान खरीदी की तारीख का फैसला कर दिया है। आगामी महीने 14 नवंबर से प्रदेशभर में 31 सौ रुपए की कीमत में धान की सरकारी खरीदी शुरू हो जाएगी। इससे पहले जिलों के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस बार अविभाजित जिले में खरीदी का टारगेट पिछली खरीदी के मुकाबले लगभग दस फीसदी तक बढ़ा दिया गया है।

14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 के मध्य करीबन 79 दिन चलने वाली सरकारी धान खरीदी के दौरान अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस बार टारगेट में लगभग दस फीसदी का इजाफा करते 143.98 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य तय किया गया है। जबकि पिछले साल धान खरीदी के दौरान कुल 130.41 लाख क्विंटल धान खरीदी की गई थी। कैबिनेट की मीटिंग के बाद सभी जिलों को उनके लिए तय किए गए टारगेट की जानकारी भी भेज दी गई है। जिलों में भी टारगेट को ध्यान में रखते हुए ही फड़ व्यवस्था से लेकर बारदाना की व्यवस्था की जा रही है। किसानों को धान बेचने से पहले पंजीयन कराना होगा। 31 अक्टूबर तक पंजीयन की प्रक्रिया भी चलने वाली है।

### जिलेवार टारगेट तय

अविभाजित जिले में इस बार धान खरीदी के दौरान कुल 14398930 क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य शासन द्वारा तय किया गया है। इसमें सर्वाधिक 7737560 क्विंटल धान राजनांदगांव जिले में खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं मोहला-मानपुर जिले में 2397870 लाख क्विंटल एवं खैरागढ़ जिले में 4263500 क्विंटल धान खरीदी का टारगेट तय किया गया है।



### 170 केंद्र, नए भी खुलेंगे

अविभाजित जिले में सवा दो लाख से अधिक किसानों से धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्रों की आवश्यकता भी बढ़ती जा रही है। फिलहाल राजनांदगांव जिले में 96, खैरागढ़ जिले में 51, मोहला-मानपुर जिले में 23 उपार्जन केंद्रों को मिलाकर अविभाजित जिले में कुल 170 केंद्र के जरिये खरीदी हो रही है। हालांकि इस बार भी 5 से 7 नए केंद्र के प्रस्ताव भेजे गए हैं। जिनको स्वीकृति मिल सकती है।

### लगातार टूट रहा रिकार्ड

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सर्वाधिक धान खरीदने वाले जिले में राजनांदगांव शामिल रहा है। पिछले साल भी खरीदी के दौरान अविभाजित जिले में 130 लाख क्विंटल धान खरीदा गया था। पिछले पांच सालों में हर साल खरीदी का नया रिकार्ड बन रहा है। इस बार भी अनुमान के मुताबिक डेढ़ सौ लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी हो सकती है।

**लगेंगे साढ़े तीन लाख बारदाना** : इस बार बंपर खरीदी के लिए बड़ी संख्या में बारदाना भी लगने वाले हैं। हालांकि बारदाना की व्यवस्था भी शुरू कर दी गई है। एक बारदाना में लगभग 40 किलो धान आता है। ऐसे में 143 लाख क्विंटल धान खरीदने के लिए अविभाजित जिले में 3.57 लाख नग बारदाना की जरूरत पड़ेगी। वहीं किसानों से इस बार भी धान की खरीदी प्रति क्विंटल 3100 रुपए के दाम से ही की जाएगी।

# सड़क हादसे में लेक्चरर की मौत

## जबकसा मोड़ में बाइक अनियंत्रित होने से हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला







जिला मुख्यालय मोहला में विभागीय बैठक में अपनी उपस्थिति प्रदान कर मानपुर की ओर जा रहे मोटर साइकिल सवार शिक्षक की आज दोपहर 2 बजे के लगभग राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे के जबकसा मोड़ में दुर्घटना का शिकार हो जाने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है।

उल्लेखनीय है कि मोहला विकासखंड के हथरा हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ कॉमर्स के लेक्चर महेंद्र देशलहरा पिता पूनउराम देशलहरा 49 वर्ष मूल निवासी ग्राम फरहद थाना सोमनी जो वर्तमान में अंबागढ़ चौकी के मेरेगांव स्थित बालक हायर सेकंडरी स्कूल में कॉमर्स के लेक्चरर पद पर अटैचमेंट में थे, जो आज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहला में विभागीय बैठक के बाद अपने निजी कार्य को लेकर मानपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मोहला थाना से 10 किमी दूरी जबकसा मोड़ में उनकी मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा घुसी। इस हादसे में शिक्षक महेंद्र देशलहरा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में मृत शिक्षक को मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### वनांचल ने खोया काबिल शिक्षक

अंबागढ़ चौकी मेरेगांव हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ कॉमर्स के लेक्चर महेंद्र देशलहरा के संबंध में बताया गया कि वे छात्रों के अध्यापन को लेकर बेहद सजक रहते थे। उनके विषय में बोर्ड का परिणाम 100 प्रतिशत तक रहा है। हादसे की खबर सुनने के बाद शिक्षा विभाग में मातम की स्थिति निर्मित हो गई है।









## भूषण सलामे अध्यक्ष और मेघनाथ सचिव निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी

गोंड़वाना भवन बूचाटोला में आयोजित बैठक में आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज सर्कल इकाई बूचाटोला की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्व सम्मति से अध्यक्ष भूषण सलामे, उपाध्यक्ष अनिल हारमे एवं सचिव मेघनाथ सलामे बनाए गए।

नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक दयाराम सलामे, महासचिव नरेश सलामे, सहसचिव लोटनसिंह दर्रो, कोषाध्यक्ष कांशीराम नेताम, सलाहकार गौतूराम मंडावी, सांस्कृतिक सचिव ओमप्रकाश सलामे, संगठन मंत्री रजऊराम मंडावी, मीडिया प्रभारी राहुल कुंजाम, महामंत्री सोनसाय कल्लो, प्रवक्ता फकीर नेताम, सिपाही पूनाराम तुलावी, सहायक सिपाही गनील हारमे, बैगा प्रभाग के सदस्य कुमलाल कल्लो, रम्हऊ तारम, चन्द्र कुमार दर्रो, ताराचंद नेताम, तोमन नेताम, इंदल तुलावी, गणेश तुलावी, गौतूराम मंडावी, युवा प्रभाग के अध्यक्ष रूपेश कुमार कल्लो, उपाध्यक्ष तुकाराम तुलावी, सचिव मनीष कोरेटी, सह सचिव जगेश्वर नेताम, महिला प्रभाग संरक्षक सुमन कोरेटी, अध्यक्ष समेबाई तुलावी, उपाध्यक्ष समुंदबाई कोरेटी, सचिव बसंती दर्रो, कार्यकारिणी सदस्य वोमन कोरेटी, ओमकुमार कोमरे, फागूराम हारमे, विष्णुराम कल्लो, राम पुरामे, नरेश सलामे, ललिता सलामे, इन्द्रु तुलावी, नरेश ध्रुर्वे, सुरेन्द्र कोले, नवल सिंह कुंजाम एवं तेजराम मंडावी हैं।

इस अवसर पर रूपनाथ हारमे, मेहतरू सलामे,धनसाय नेताम, मुनका तुलावी, छबिलाल हारमे, सिरमोबाई कोरेटी, मेहतरीन हारमे, राजू नेताम, शंकर कल्लो, संजय नेताम, खूमन सलामे, चन्द्रभान दर्रो, गीता कोरेटी, पल्टीन सलामे, सुमित्रा सलामे आदि उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिले भाजपा नेता



**छुरिया।** जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका डडसेना, शिशुपाल साहू एवं श्यामसुंदर साहू ने विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरूवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से रायपुर में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। भाजपा नेता डडसेना ने नई सड़क निर्माण, शिशुपाल साहू ने भोलापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत करने, हायर सेकेंडरी स्कूल भोलापुर में शिक्षकों की पदस्थापना, श्यामसुंदर साहू ने महाराजपुर में हाईस्कूल खोलने की मांग रखा।

### बिना स्वीकृति के भवन निर्माण

गत 28 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बरगा में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोलापुर का उद्घाटन किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए सेटअप की स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र किसी काम का नहीं है। संभवतः प्रदेश का यह पहला मामला है जब बिना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सेटअप की स्वीकृति के बिना भवन निर्माण करा दिया गया। भवन पूर्ण हुए लगभग 1 साल हो गया है जो देखरेख के अभाव में जर्जर हो सकता है। स्वास्थ्य मंत्री से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सेटअप स्वीकृत करने की मांग की है।

## समाज की महिला अध्यक्ष बनी प्रीति

**डोंगरगढ़।** कोरबा में सुदर्शन समाज महासंघ का प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप केहाथीबेड थे। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी राकेश महौत, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बेला, प्रमोद समुद्र, जितेंद्र पहुचेल, भूरेलाल पुरी सहित अन्य शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रीति चमन समंद्रे को महिलस प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। चमन समुंद्रे को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। प्रीति चमन समुन्द्रे की नियुक्ति से समाज में हर्ष का माहौल है।

## धम्म देशना एवं वर्षावास का समापन

**डोंगरगढ़।** दंतेश्वरी पारा के त्रिरत्न बुद्ध विहार एवं सुजाता महिला बौद्ध समिति के तत्वावधान में धम्म देशना एवं वर्षावास समापन पर कार्यक्रम रखा गया। अतिथि भदंत धम्मतप, भदंत जीवक, भदंत धम्म रक्षित, भदंत महेंद्र, भंते नागरत्न थे। सर्वप्रथम गौतम बुद्ध एवं बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती प्रज्वलित किया गया। धम्म गुरुओं ने उपासक - उपासिकाओ को धम्म देशना दिया। भदंत जीवक ने सभी को बुद्ध के मार्ग पर चलने प्रेरित किया। भदंत धम्मतप ने कहा कि हमारी लड़ाई अस्तित्व की है। इस मौके पर भदंत धम्म रक्षित, भदंत महेंद्र, भदंत नागरत्न ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, शुभम बौद्ध, राधिका जंघेल, एचके आजाद, अमिताफ दुफारे, चंदना भावे, सविता मेश्राम, अनुपमा लांडगे, ललिता खांडेकर, भूमिका रामटेके, अरुणा गजभिए, अनिता मेश्राम, राखी खोबरागड़े, शांताबाई चंद्रिकापुरे, निधि चंद्रिकापुरे, वंदना कुंभलवार, विजेता गणवीर सहित अन्य मौजूद थे।

## समीक्षा बैठक में खुली डाटा एंट्री की पोल

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने गत दिनों महिला एवं बाल विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना एवं सेक्टरवार आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्यनरत बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सतत रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें।

हर एक बच्चा को लक्ष्य में रखकर स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर का मूल्यांकन करने कहा। कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण युक्त आहार का वितरण करें।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप में डाटा एंट्री का कार्य को प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है, जिस पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता जाहिर करते हुए नियमानुसार डाटा एंट्री कार्य को प्राथमिकता देने निर्देशित करने कहा। डाटा एंट्री कार्य नहीं करने पर संबंधित कार्यकर्ता पर कार्यवाही की जाएगी।




Hero
धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
Hero
जय हीरो
संग बनाए हर त्यौहार शानदार
इस त्यौहार
Booking पर
निश्चित उपहार
HF-Deluxe
में 4500/- का DISCOUNT
में 3000/- तक का DISCOUNT
हीरो के हर गाड़ी की खरीदी पर
निश्चित उपहार*
जय मोटर्स
जी.ई. रोड़ राजनांदगांव (छ.ग.) मो. 9289922357
अधिकृत डीलर
युवराज मोटर्स डोंगरगढ़ मो. 8085160380
अंकित ऑटो, छुरिया मो. 9425240565
श्री साई मोटर्स,मोहला मो. 8120646300
दिलीप ऑटो केयर, मानपुर मो. 7999054324
अतुल मोटर्स, डोंगरगांव मो. 9424112536
पुष्पक सेल्स, खैरागढ़ मो. 9425554343
दुबे ऑटो, छुईखदान मो. 8103423552
ऑलिया सर्विसेस, गंडई मो. 9424105636
सांई मोटर्स, साल्हेवारा, मो. 9754329434
अमर मोटर्स, अंबागढ़ चौकी, मो. 9827969901

## सार समाचार

### नवा बिहान व साइबर जागरूकता अभियान




**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी में 18 अक्टूबर को चिखली पुलिस चौकी नरेश कुमार बंजारे एवं स्टाफ द्वारा साइबर समस्या से हो रही घटनाओं के संबंध में एवं बचाव हेतु जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। संस्था प्राचार्य अनीता सहारे द्वारा मोबाइल एवं इंटरनेट उपयोग के समय बरती जाने वाली महत्वपूर्ण सावधानियों को विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल देवांगन द्वारा भी साइबर क्राईम से बचने सतर्क किया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षकगण संकुल समन्वयक चंद्रशेखर एवं शा.उ.मा. शाला बोरी एवं शा.पूर्व मा. शाला बोरी के 223 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का लगातार गिर रहा है ग्राफ



**राजनांदगांव।** हरियाणा चुनाव में भाजपा के हाथों कांग्रेस की करारी हार के बाद कांग्रेस के निरंतर नीचे की ओर जा रहे ग्राफ पर तंज कसते भाजपा शिक्षा एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कहा कि लोकसभा चुनाव से लेकर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की फिसड्डी प्रदर्शन व कांग्रेस को मिल रही लगातार हार को लेकर उनके इंडी गठबंधन के साथी उन्हें आंखें दिखाने से नहीं चूक रहे है। कांग्रेस के गिर रहे निरंतर ग्राफ से उनके गठबंधन साथियों के अलावा देश की जनता भी उसे महत्व नहीं दे रही।

### कायस्थ समाज ने की विस अध्यक्ष से मुलाकात



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर कायस्थ समाज ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर समाज के ओमप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में वरिष्ठजन मौजूद थे।

### युगांतर में साइबर क्राईम को रोकने कार्यशाला



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में एसपी मोहित गर्ग तथा साइबर सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर पी. विनय पम्मा द्वारा साइबर क्राईम रोकने प्रभावी कार्यशाला आयोजित हुई। उन्होंने बच्चों को साइबर क्राईम से अपनी सुरक्षा कैसे करें, इसकी व्यापक जानकारी दी। उन्होंने सत्र को कई जीवंत गतिविधियों और खेलों के साथ अच्छी तरह से प्रतिबंधित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने साइबर क्राईम रोकने जागरूकता अभियान में भाग लेने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि इसी तरह युगांतर के विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर विविध कार्यशालाएं आयोजित की जाती है। परिणामस्वरूप युगांतर के विद्यार्थी हर प्रकार के साइबर क्राईम को रोकने समर्थ हो सके। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, पीआरओ, स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण और शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यशाला की सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

### गायत्री विद्यापीठ में जागरूकता अभियान




**राजनांदगांव।** केशर नगर स्थित गायत्री विद्यापीठ में 18 अक्टूबर को ''एक युद्ध नशे के विरूद्ध'' जागरूकता अभियान अंतर्गत एएसपी राहुल देव शर्मा ने विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाली हानियों के विषय में बच्चों को जागरूक कराया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एएसपी राहुल देव शर्मा, एएसआई नंदनी ठाकुर, सचिव गगन लड्ढा, सीबीएसई प्राचार्य शैलजा नायर एवं सीजी प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में सीबीएसई एवं सीजी के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को साइबर क्राईम, नशा, गुटखा और मोबाइल से होने वाले अपराधों को बताकर उससे बचने तरीके भी बताए। क्राईम से बचने 1930 नंबर भी दिया, जिस पर साईबर से होने वाले क्राईम पर हम मैसेज करके बच सकते है। इस अवसर पर गायत्री समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, सचिव गगन लड्ढा, सह सचिव निकुंज सिंघल, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य शैलजा नायर, प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, उपप्राचार्य रष्मि ठाकुर, वंदना डुम्भरे, प्रशासक अनिल बाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षकों ने आयोजन की सराहना की।

### जिला पत्रकार संघ ने सांसद का जताया आभार



**खैरागढ़।** जिला पत्रकार संघ ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सांसद संतोष पांडेय द्वारा 10 लाख की स्वीकृति देने पर संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर ने उनका आभार व्यक्त किया है। जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर ने बताया कि संघ के शपथ ग्रहण कार्यक्रम दौरान सांसद संतोष पांडेय ने भवन के लिए त्वरित रूप से 5 लाख की घोषणा की थी पर सांसद प्रतिनिधि व टीएसी सदस्य भागवत शरण सिंह के माध्यम से उक्त राशि को बढ़ाने का अनुरोध किया गया जिसे अनुशंसित करते हुए सांसद पांडेय ने नपा के अधोसंरचना मद से भवन के लिए 10 लाख रूपए का प्रावधान किया जिसे राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने स्वीकृति प्रदान की है। अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर सहित संघ संरक्षक चैतेंद्र तिवारी, अनुराग तुरे, खिलेन्द्र नामदेव, जीवेश शर्मा, रेखा झा, आलोक श्रीवास, प्रकाश सिंह, जितेन्द्र यादव, यतेन्द्रजीत सिंह, अमित सिंह, प्रशांत सहारे, नीलेश कुमार यादव, किशोर सोनी, याहिया नियाजी, शिवानी परिहार, श्रेयांश सिंह, दिनेश साहू, राजेन्द्र चंदेल, प्रदीप बोरकर, यतीश साहू, प्रवीण नामदेव, सन्नी यदु, विमल बोरकर, अभिषेक सिंह, विजय प्रताप सिंह, मिनेश बख्शी, सुरेश वर्मा, शैलेन्द्र मिश्रा, सोमेश लहरे, रंजीत सिंह, तुलेश सिन्हा, साकेत श्रीवास्तव, नवदीप सिंह श्रीवास्तव, मनोहर सेन, उमेश्वर वर्मा नेसांसद पांडेय के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का भी आभार जताया है।

## नक्सली उन्मूलन के लिए पुलिस का अभियान

# बागरझोला में खुला पुलिस सुरक्षा कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नक्सली उन्मूलन के दृष्टिकोण से मप्र सीमा से सटे बकरकट्टा के बाद बागरझोला में पुलिस कैंप की शुरूआत की गई है।

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा के निर्देशन एसपी त्रिलोक बंसल के नेतृत्व में सघन नक्सल प्रभावित ग्राम बागरझोला में सेनानी 40वीं वाहिनी आईटीबीपी अनंत नारायण दत्ता, एएसपी नेहा पाण्डेय, सेकंड इन कमांड आईटीबीपी विनोद कुमार, डीसी ऑप्स आईटीबीपी शैलेष कुमार, सहायक सेनानी संतोष सिंह, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रदीप येरेवार, रक्षित निरीक्षक के देव राजू व पुलिस अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीणों सहित सुरक्षाबल के जवानों की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों का हाल चाल जाना और उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी लेकर उन्हें आश्वसत किया गया कि पुलिस उनकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी, निर्भीक होकर वो अपनी समस्याओं से पुलिस को अवगत करा सकेगें। गौरतलब है कि बागरझोला जिले से सटे एमपी बालाघाट से लगा हुआ है जहॉ आए दिन नक्सलियों का आवागमन बना रहता है और इस क्षेत्र का उपयोग नक्सली एक राज्य से दूसरे राज्य में क्रासिंग पाइंट के रूप में करते है।



### लांच पैड के रूप में इस्तेमाल हो पाएगा नया कैंप

सामरिक दृष्टिकोण से बागरझोला अति महत्वपूर्ण है जिसे देखते हुए पुलिस कैंप की स्थापना की गई है इससे नक्सलियों के गतिविधियों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने में पुलिस को मदद मिलेगी वही सफल अंतर्राज्यीय नक्सल विरोधी अभियान चलाने लांच पैड के रूप में इसका उपयोग किया जा सकेगा। बागरझोला से बालाघाट जिले की सीमा क्षेत्र सटे होने के कारण नक्सली वारदातों को अंजाम दे रहे थे। कैंप स्थापना से उनकी गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण होगा वही वनांचल के विकास को लेकर गति मिलेगी। जनता व पुलिस के बीच आपसी समझ विश्वास में बढ़ोतरी साथ सुरक्षा शांति का वातावरण निर्मित होगा। वही कैंप स्थापित होने से नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार नहीं कर पाएंगे। बगारझोला के अलावा घोठा केंप से छसबल की बी कंपनी को रि-डिप्लायमेंट कर बुढ़ानभाठ में स्थापित किया गया है। घोठा में रिक्त अधोसंरचना का उपयोग स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा इससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। बगारझोला कैंप की स्थापना प्रक्रिया सुरक्षित रूप से पूरा कराने में एमपी पुलिस, जिला राजनांदगांव, कबीरधाम के डीआरजी और जिले की डीआरजी टीम सहित 40 वीं वाहिनी आईटीबीपी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने कैंप स्थापना में सहयोग करने वाले सुरक्षाबलों सहित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया है।

# प्रेम-प्रसंग में फंसाकर नाबालिग से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 31 अगस्त को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपहरण करके ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस कायम कर अपहता की विवेचना पता तलाश में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार 17 अक्टूबर को अपहृता को सोमनी क्षेत्र के गांव में आरोपी फलेन्द्र विश्वकर्मा के पास होने की सूचना पर तत्काल पहुंचकर पीड़िता को बरामद किया गया। नाबालिग पीड़िता को पूछताछ करने पर दोनों एक-दूसरे से प्यार मोहब्बत हो जाना व आरोपी फलेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा नाबालिग होना जानते हुए भी शादी का प्रलोभन देकर विवाह कर पत्नी की तरह रखकर शारीरिक संबंध बनाना बताने पर प्रकरण में धारा 64 बीएनएस, 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई। आरोपी फलेन्द्र विश्वकर्मा 22 साल को पूछताछ किया गया। अपराध स्वीकार करने और मेडिकल मुलाहिजा से पर्याप्त सबूत पाए जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इसके बाद आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

# जिला भाजपा में सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू को सक्रिय सदस्य बनाने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी में विधिवत सक्रिय सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान के जिला संयोजक तीरथ चंदेल ने घम्मन साहू को सक्रिय सदस्य के रूप में नामित किया जबकि उन्हें शशांक ताम्रकार ने सक्रिय सदस्यता का फार्म भरवाया इसके साथ ही जिले में सक्रिय सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ हुआ।

सभी सक्रिय सदस्य अब अपने-अपने निवास क्षेत्र के भाजपा मंडलों में सक्रिय सदस्यों वाले फॉर्मेट में विधानसभा के प्राथमिक सदस्यों की जानकारियॉ मंडल अध्यक्ष के माध्यम से सक्रिय सदस्यता फार्म-ख भरकर जिला सदस्यता टोली को भेजेंगे उनकी अनुसंशा पर सक्रिय सदस्यता दिया जाएगा।

गौरतलब है कि जिला भाजपा में सदस्यता अभियान के दौरान 35 हजार से ज्यादा प्राथमिक सदस्य बने हैं जबकि सक्रिय सदस्यता अभियान मे एक हजार से अधिक का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य तय किया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि उक्त लक्ष्य मंडल व जिला सक्रिय सदस्यता टोली के माध्यम से पूरा किया जाएगा। इस दौरान शहर मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, ज्ञानदास बंजारे सहित अन्य मौजूद थे।

# अतिरिक्त कर का नोटिस भेजकर जनता को किया जा रहा प्रताड़ित : कुलबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बकाया अतिरिक्त संपत्ति कर का पांच गुना वसूले जाने के मामले को लेकर शहर के वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने स्थानीय प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते नगर निगम आयुक्त पर जनता को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रताड़ना निगम बन गया है।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जानकारी देते वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि नगर निगम द्वारा कुछ माह पूर्व निजी कंपनी को टैक्स वसूली ठेका देकर ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा नागरिकों के घरों में बिना अनुमति अंदर जाकर नगर निगम की धौंस दिखाकर नाप करना और संपत्तिकर को दो से तीन गुना बढ़ाने का काम करना, तो कभी स्वनिर्धारण के नाम पर पूर्व वर्ष का अतिरिक्त टैक्स निकालकर पांच गुना अर्थदंड लगाकर निगम द्वारा लोगों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।




### नोटिस में तारीख नहीं

कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि नगर निगम आयुक्त द्वारा शहर के 584 मकान मालिकों को अर्थदंड पटाने हेतु नोटिस भेजा गया है, नोटिस में तारीख भी नहीं डाला गया है। कर दाताओं द्वारा कर पटाने के बाद भी अंतर राशि नियम विरूद्ध निकाला गया है।

### नियमानुसार ले शुल्क

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नगर निगम द्वारा अतिरिक्त कर के लिए भेजे गए सभी नोटिस को निरस्त करने की मांग की है। नियम अनुसार शुल्क वर्तमान वर्ष से लिए जाने कहा है। प्रेस कान्फ्रेंस में लखोली वार्ड के पार्षद महेश साहू भी उपस्थित थे।

### गूगल अर्थ एप नगर निगम में मान्य नहीं है

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि गूगल अर्थ एप और जीपीएस से नापकर टैक्स लेने के संबंध में कोई विषय सामान्य सभा में नहीं आया है। नगर निगम आयुक्त प्रदेश सरकार के इशारे पर यह काम कर रहे हैं। नियम विरूद्ध अंतर की राशि पिछले वर्ष की, इस वर्ष बिना निगम वार्ड के मोहर्रिर से नाप निकलवाए बगैर निकाला जाना गलत है और इसके जिम्मेदार नगर निगम आयुक्त हैं।

### शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाया, 35 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत एक आरोपी को पकड़कर 35 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 अक्टूबर को रात्रि में डोंगरगढ़ पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि रवि शेंडे नामक व्यक्ति बस स्टैंड डोंगरगढ़ के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी रवि शेंडे 28 साल साकिन भीमनगर डोंगरगढ़ को अवैध शराब बिक्री करते कुल 35 पौवा शोले प्लेन देशी शराब व एक बाइक के साथ पकड़कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### किरायेदारों की जानकारी देने मकान मालिकों से अपील

**खैरागढ़।** जिले में बाहरी व्यक्तियों की पहचान को लेकर पुलिस ने मकान मालिकों से किराएदारों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में संबंधित थाने व चौकी में जमा करने की अपील की है। एसपी त्रिलोक बंसल के निर्देशन व एएसपी नेहा पाण्डेय, एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में जिला अंतर्गत आने वाले सभी पुलिस थानों व चौकी क्षेत्रों में अपराध की रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों की तस्दीक को लेकर जिले के अलग-अलग स्थानों में निवासरत दीगर जिला और प्रदेशों से आकर रहने वाले व्यक्तियों का लगातार भौतिक सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है जिसे लेकर सभी मकान मालिकों से अपील किया गया है कि यदि उनके मकान में कोई व्यक्ति किराए में निवास करता है तो उसकी सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रपत्र जिसमे उसका नाम, पता, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र, फोटोग्राफ सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने-अपने क्षेत्र के संबंधित पुलिस थाना व चौकी में 25 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से जमा कर दे। ज्यादातर मकान मालिकों ने किराएदारों की जानकारी दे दी है लेकिन अभी भी कुछ मकान मालिकों द्वारा किराएदार की जानकारी में जमा नही किया गया है जिसके चलते जिला पुलिस ने दुबारा अपील किया है कि किराएदार की जानकारी अविलंब जमा करे। यदि किसी मकान मालिक के द्वारा किराएदार की जानकारी पुलिस को नही दी गई और जांच में पाए जाने पर मकान मालिक सहित किराएदार के खिलाफ कानूनी कारवाई किया जाएगा।

# कैलाश चौहान तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित



**राजनांदगांव।** सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ (पंजीयन क्रमांक 41) के प्रदेश अध्यक्ष के प्रतिष्ठापूर्ण निर्वाचन में कैलाश चौहान तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। 19 अक्टूबर को सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रांत अध्यक्ष के चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग बस्तर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर व सरगुजा मुख्यालय में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। प्रांत अध्यक्ष के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में कुल 1250 मतदाता थे। जिनमें से कुल 1069 मत पड़े। जिसमें कैलाश चौहान को 689 मत प्राप्त हुए। वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अवधेश पटेल को 380 मत मिले। इस प्रकार कैलाश चौहान 300 मतों के भारी अंतर से तीसरी बार प्रांत अध्यक्ष निर्वाचित हुए। कैलाश चौहान के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर प्रदेश के समस्त पशु चिकित्सा अधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकाएं सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

## पर्व के मद्देनजर यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने प्रयास

# बाजार में खरीदी को लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने कलेक्टर और एसपी ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर बाजार में बढ़ने वाली भीड़ और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाने के लिए नगर निगम, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन एवं व्यापारियों की टीम ने आज शहर के बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया।

राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित पुलिस व नगर निगम के अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों के साथ आज शहर के बाजार क्षेत्र का निरीक्षण करते आगामी दीपावली पर्व में बाजार में बार-बार लगने वाले जाम की स्थिति और फुटकर विक्रेताओं को उचित स्थान उपलब्ध कराने बेहतर पार्किंग व्यवस्था के लिए मौका मुआयना किया।

कलेक्टर और एसपी ने शहर के जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, गुडाखू लाइन, हलवाई लाइन क्षेत्र में पैदल भ्रमण करते व्यापारियों से चर्चा की।



### चार पहिया वाहन प्रतिबंधित करने की मांग

स्थानीय पार्षद शरद सिन्हा ने कहा कि बाजार में चार पहिया वाहनों की वजह से जाम की स्थिति बनती है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से आग्रह करते कहा कि चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि खरीदी करने आने वाले लोगों को जाम की स्थिति का सामना न करना पड़े।

### व्यापारियों के साथ बैठक में बनेगी प्लानिंग

बाजार में बेहतर व्यवस्था बनाने निरीक्षण पर निकले कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि त्यौहार में पार्किंग और जाम की स्थिति से निपटने व्यवस्था बनाने नगर निगम, पुलिस और व्यापारियों के साथ बाजार का निरीक्षण किया गया है। सोमवार को एक बैठक कर बेहतर व्यवस्था बनाने प्लानिंग किया जाएगा।

### सड़क तक दुकान फैलाने वालों को समझाईश

भ्रमण के दौरान सड़क तक सामान निकालकर दुकानदारी करने वालों को समझाईश दी गई। वहीं सड़क पर अपने वाहन खड़े करने वालों को पार्किंग पट्टी के भीतर अपनी वहां खड़ी करने को लेकर जागरूक किया गया है।

### त्यौहार के लिए बनाई जाएगी पार्किंग व्यवस्था

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि बाजार की व्यवस्था सुधारने के लिए बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया गया है। इस दौरान कुछ क्षेत्रों को वन-वे करने के लिए प्लान किया जाएगा। वहीं सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग को लेकर प्लान करते नियम लागू किए जाएंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 26 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

करवा चौथ की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024



ईश

GOLD | DIAMOND | POLKI

HAVE YOU MADE YOUR

#EISHCOMETRUE?



WHAT MAKES EISH A GREAT CHOICE?

Exclusive, top-quality diamonds unmatched across India.

**(DEF COLOUR & VVS CLARITY)**

Find your signature piece from Eish also at

ANAND JEWELS, PANDRI, RAIPUR

EISH®

by anand Jewels

NRK HIGH STREET, A.B. ROAD, INDORE

EISHBYANAND



मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

# स्माइल प्लीज...
## लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

**तनाव-गुस्सा हो जाए गायब:** आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है।



क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।

**मूड बन जाए बेहतर:** समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।



**दूसरों को मिलती है खुशी:** मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

**जीते हैं लंबी जिंदगी:** मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

**निखरती है सोशल इमेज:** खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

### मुस्कुराहट के प्रकार

**वैसे मुस्कुराहटें** तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।



# युवा पीढ़ी समझती है वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

रिलेशनशिप / डॉ. मोनिका शर्मा

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

**बरकरार है जिम्मेदारी का भाव:** दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।



**साथ बने रहने की सोच:** हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी ओर बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।

**जीवन संवारने वाला भरोसा:** कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

दोहे

केदार शर्मा 'निरीह'

## प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

लघुकथाएं

## वचन



प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'

'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।

पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

- गोविंद भारद्वाज

## सम्मान



आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'

आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।

प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *

-शीला श्रीवास्तव

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *




**पत्रिका:** इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), **संपादक:** संजय कुमार गर्ग, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** हिंदी अकादमी, दिल्ली

# कस्टम मिलिंग के चावल की अफरातफरी राइस मिल एक साल के लिए ब्लैकलिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले में कुछ राइस मिलरों द्वारा कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने में रूचि नहीं लेने के मामले को लेकर खाद्य विभाग द्वारा कार्रवाई शुरू की गई है। जिसके तहत जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र स्थित ग्राम राका के एमजे फूड प्रोडक्ट को एक वर्ष के लिए काली सूची में दर्ज किया गया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कस्टम मिलिंग के अंतर्गत चावल जमा कराया जा रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट ग्राम राका तहसील डोंगरगढ एवं जिला राजनांदगांव की जांच की गई।

जांच में मिल परिसर में कस्टम मिलिंग के तहत उठाव किए गए धान के विरूद्ध 5682.78 क्विंटल धान कम पाया गया है। मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत चावल जमा किए जाने में रूचि नहीं लिए जाने तथा धान की कस्टम मिलिंग न कर शासकीय धान की अफरातफरी की गई है, जो कि छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4 (3) एवं कंडिका 4 (5) का उल्लघंन होने के कारण मोहम्मद जिया उल हक द्वारा संचालित राईस मिल मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट को एक वर्ष के लिए काली सूची में दर्ज किया गया है।

कलेक्टर के निर्देशन में जिले के राईस मिलों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त निर्देश के परिलपालन में आज दिनांक तक जिले के 9 राईस मिलर्स पर कार्रवाई करते हुए कुल 35877 क्विंटल धान एवं 14650 क्विंटल चावल जब्त किया गया है और प्रकरण बनाकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### वसूली का आदेश जारी

मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट राइस मिल में कम पाए गए धान 5682.78 क्विंटल की राशि लगभग 1 करोड 40 लाख रुपए जिला विपणन अधिकारी जिला राजनांदगांव में मिलर द्वारा जमा बैंक गारंटी से तत्काल वसूली किए जाने आदेशित किया गया है।


















# भूषण सलामे अध्यक्ष और मेघनाथ सचिव निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी

गोंड़वाना भवन बूचाटोला में आयोजित बैठक में आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज सर्कल इकाई बूचाटोला की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्व सम्मति से अध्यक्ष भूषण सलामे, उपाध्यक्ष अनिल हारमे एवं सचिव मेघनाथ सलामे बनाए गए।

नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक दयाराम सलामे, महासचिव नरेश सलामे, सहसचिव लोटनसिंह दर्रो, कोषाध्यक्ष कांशीराम नेताम, सलाहकार गौतूराम मंडावी, सांस्कृतिक सचिव ओमप्रकाश सलामे, संगठन मंत्री रजऊराम मंडावी, मीडिया प्रभारी राहुल कुंजाम, महामंत्री सोनसाय कल्लो, प्रवक्ता फकीर नेताम, सिपाही पूनाराम तुलावी, सहायक सिपाही गनील हारमे, बैगा प्रभाग के सदस्य कुमलाल कल्लो, रम्हऊ तारम, चन्द्र कुमार दर्रो, ताराचंद नेताम, तोमन नेताम, इंदल तुलावी, गणेश तुलावी, गौतूराम मंडावी, युवा प्रभाग के अध्यक्ष रूपेश कुमार कल्लो, उपाध्यक्ष तुकाराम तुलावी, सचिव मनीष कोरेटी, सह सचिव जगेश्वर नेताम, महिला प्रभाग संरक्षक सुमन कोरेटी, अध्यक्ष समेबाई तुलावी, उपाध्यक्ष समुंदबाई कोरेटी, सचिव बसंती दर्रो, कार्यकारिणी सदस्य वोमन कोरेटी, ओमकुमार कोमरे, फागूराम हारमे, विष्णुराम कल्लो, राम पुरामे, नरेश सलामे, ललिता सलामे, इन्दु तुलावी, नरेश ध्रुर्वे, सुरेन्द्र कोले, नवल सिंह कुंजाम एवं तेजराम मंडावी हैं।

इस अवसर पर रूपनाथ हारमे, मेहतरू सलामे,धनसाय नेताम, मुनका तुलावी, छबिलाल हारमे, सिरमोबाई कोरेटी, मेहतरीन हारमे, राजू नेताम, शंकर कल्लो, संजय नेताम, खूमन सलामे, चन्द्रभान दर्रो, गीता कोरेटी, पल्टीन सलामे, सुमित्रा सलामे आदि उपस्थित थे।

# विधानसभा अध्यक्ष से मिले भाजपा नेता



**छुरिया।** जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका डडसेना, शिशुपाल साहू एवं श्यामसुंदर साहू ने विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरूवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से रायपुर में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। भाजपा नेता डडसेना ने नई सड़क निर्माण, शिशुपाल साहू ने भोलापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत करने, हायर सेकेंडरी स्कूल भोलापुर में शिक्षकों की पदस्थापना, श्यामसुंदर साहू ने महाराजपुर में हाईस्कूल खोलने की मांग रखा।

## बिना स्वीकृति के भवन निर्माण

गत 28 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बरगा में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोलापुर का उद्घाटन किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए सेटअप की स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र किसी काम का नहीं है। संभवतः प्रदेश का यह पहला मामला है जब बिना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सेटअप की स्वीकृति के बिना भवन निर्माण करा दिया गया। भवन पूर्ण हुए लगभग 1 साल हो गया है जो देखरेख के अभाव में जर्जर हो सकता है। स्वास्थ्य मंत्री से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सेटअप स्वीकृत करने की मांग की है।

# समाज की महिला अध्यक्ष बनी प्रीति

**डोंगरगढ़।** कोरबा में सुदर्शन समाज महासंघ का प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप केहाथीबेड थे। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी राकेश महौत, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बेला, प्रमोद समुद्र, जितेंद्र पहुचेल, भूरेलाल पुरी सहित अन्य शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रीति चमन समंद्रे को महिलस प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। चमन समुंद्रे को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। प्रीति चमन समुन्द्रे की नियुक्ति से समाज में हर्ष का माहौल है।

# धम्म देशना एवं वर्षावास का समापन

**डोंगरगढ़।** दंतेश्वरी पारा के त्रिरत्न बुद्ध विहार एवं सुजाता महिला बौद्ध समिति के तत्वावधान में धम्म देशना एवं वर्षावास समापन पर कार्यक्रम रखा गया। अतिथि भदंत धम्मतप, भदंत जीवक, भदंत धम्म रक्षित, भदंत महेंद्र, भंते नागरत्न थे। सर्वप्रथम गौतम बुद्ध एवं बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती प्रज्जवलित किया गया। धम्म गुरुओं ने उपासक - उपासिकाओ को धम्म देशना दिया। भदंत जीवक ने सभी को बुद्ध के मार्ग पर चलने प्रेरित किया। भदंत धम्मतप ने कहा कि हमारी लड़ाई अस्तित्व की है। इस मौके पर भदंत धम्म रक्षित, भदंत महेंद्र, भदंत नागरत्न ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, शुभम बौद्ध, राधिका जंघेल, एचके आजाद, अमिताफ दुफारे, चंदना भावे, सविता मेश्राम, अनुपमा लांडगे, ललिता खांडेकर, भूमिका रामटेके, अरुणा गजभिए, अनिता मेश्राम, राखी खोबरागड़े, शांताबाई चंद्रिकापुरे, निधि चंद्रिकापुरे, वंदना कुंभलवार, विजेता गणवीर सहित अन्य मौजूद थे।

# समीक्षा बैठक में खुली डाटा एंट्री की पोल

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने गत दिनों महिला एवं बाल विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना एवं सेक्टरवार आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्यनरत बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सतत रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें।

हर एक बच्चा को लक्ष्य में रखकर स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर का मूल्यांकन करने कहा। कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण युक्त आहार का वितरण करें।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप में डाटा एंट्री का कार्य को प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है, जिस पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता जाहिर करते हुए नियमानुसार डाटा एंट्री कार्य को प्राथमिकता देने निर्देशित करने कहा। डाटा एंट्री कार्य नहीं करने पर संबंधित कार्यकर्ता पर कार्यवाही की जाएगी।



**खबर संक्षेप**

## दीपक बैज व भूपेश बघेल का कवर्धा आगमन को लेकर विशेष परिचर्चा बैठक संपन्न



**हरिभूमि** कोलेगांव। शुक्रवार को ग्राम पेण्ड्री में कुण्डा कांग्रेस कमेटी की परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। जिसमें 21 अक्टूबर को दीपक बैज प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर के नेतृत्व में परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। जिसमें होरी राम साहू जिला अध्यक्ष, उत्तरा दिवाकर ब्लॉक अध्यक्ष, कौशल चंद्राकर, हरिचरण खनूजा, विनोद चंद्रवंशी, भरत साहू, शिवकुमार चौहान, कृष्णा साहू, राजेश चंद्रवंशी, रोमी, सुनील जोशी, प्रियादास, हरेंद्र चंद्राकर, रामावतार सिघौरल व कार्यकर्ता तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती मनी



**हरिभूमि कवर्धा।** आदिकवि श्रीराम चरित्र रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिस पर सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना कर, गौ-सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष विशेषर पटेल द्वारा किया गया। पूर्णेंद सिंन्हा द्वारा बताया गया की क्रौंच पक्षी नर-मादा की जोड़ी प्रेममय थे, उसमें से किसी शिकारी द्वारा नर पक्षी को मार दिया गया। तब मादा पक्षी विलख कर रोने लगी पक्षी की तड़फ देख महर्षि के मुख से श्लोक निकला इस श्लोक से श्रीराम चरित्र रामायण की रचना हुई। जयंती के अवसर पर दृष्टांत रखते हुए अमित मिश्रा ने बताया महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि भी कहा जाता है आदि कवि यानी संस्कृत का पहला मूल कवि, माता सीता ने वाल्मीकि के आश्रम में शरण लेकर जुड़वा लड़कों लव और कुश को जन्म देती है लव और कुश वाल्मीकि के पहले शिष्य थे। महर्षि वाल्मीकि द्वारा उनको ही पहले रामायण पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम में संजय पांडेय, रवि वर्मा, शत्रुहन नेताम, सतीश चंद्राकर, संतोष ठाकुर, पीला झारिया, कन्हैया तिवारी, अभिषेक शिवेंद्र व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## स्वामी आत्मानंद पोंडी में पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम जन्मदिन पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित




**हरिभूमि पोड़ी।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल पोंड़ी में पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मेन अब्दुल कलाम जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला, भाषण व निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया, वहीं इस प्रतियोगिता में स्कूली छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षकों द्वारा महान वैज्ञानिक मिसाइल मेन और भारत के 11वे राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके उपलब्धियों के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दिया। तत्पश्चात प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं को दिखाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला प्राचार्य एनके चंद्रवंशी, श्री लहरें, अनीता ठाकुर, एसएन वर्मा, श्री साहू सहित शिक्षक-शिक्षकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें, वही कार्यक्रम का सफल संचालन अद्वितीय केशरवानी ने किया गया।

## बिना हल चला पसहर धान परिपक्व होकर तैयार एकत्रित करने जुटे मजदूर व किसान



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम जोराताल में ग्रामीण किसान महेश पटेल बिना हल चला हुआ पसहर धान की फसल परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं जिसे एक-एक दाना एकत्रित करने में जुटें हुए है। ग्रामीण किसान से मिली जानकारी के अनुसार पसहर चांवल कमर छठ पूजा में विशेष महत्व, वही कमर छठ व्रत के समय श्रद्धालु व महिलाओं ने पचहर चांवल को पूजा पाठ के समय भगवान को भोग लगाते हैं साथ ही साथ पसहर चांवल खाकर अपना व्रत तोड़ते हैं, जिसे मनोकामना सिद्ध होती है और घर परिवार में समृद्धि व सुख शांति मिलती है।

## स्कूली बच्चों ने जाना पारंपरिक खेलकूद का महत्व



**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक स्कूल चंडालपुर में शनिवार को स्कूली छात्र छात्राओं को प्रधान पाठक जानकी भारती ने स्कूली बच्चों को प्रार्थना के साथ योगाभ्यास कराया गया साथ ही साथ पारंपरिक खेलकूद कराया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वहीं विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास और खेलकूद की जानकारी दी गई। जिसमें एक लड़की बाग में बैठे-बैठे रो रही थी, उसे सहेली बनाकर ढूंढ निकालो की खेल, स्कूली बच्चे दौड़ लगा रही थी इस तरह खेल की आनंद उठा।

### नई महिला चौपाटी, हाई मास्क लाइट, गार्डन, भारत माता व अटल के निर्माण एवं गांधी चौक का सौन्दर्यीकरण शामिल

# विधायक के प्रयासों से पंडरिया को मिली 2.35 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं को देखते हुए लगातार विकास कार्य किए जा रहें हैं। पंडरिया विधानसभा में भी विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार निर्माण कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रही है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद पंडरिया के सौन्दर्यीकरण, अधोसंरचना विकास व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद के तहत 19 विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 35 लाख 62 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके पूर्व भी नगर पालिका परिषद पंडरिया हेतु 3 करोड़ रुपए, नगर पंचायत पाण्डातराई हेतु 2 करोड़ 40 लाख रुपए एवं नगर पंचायत इंदौरी हेतु 1 करोड़ 49 लाख 97 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई। विधायक श्रीमती बोहरा ने पूरे पंडरिया विधानसभा की जनता को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के नेतृत्व में आने वाले समय में पंडरिया सहित पूरे प्रदेश का दस गुना तेजी से विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार काम कर रही है। केवल 10 माह में मोदी की गारंटी में किए अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं अनुरूप कार्य किए जा रहें हैं, ध्रुव गति से अधोसंरचना विकास के साथ ही मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं पर भी जमीनी स्तर पर कार्य किए जा रहें हैं, जिसका सकारातमक परिणाम दिखाई दे रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी विकास की लहर दिखाई दे रही है, हर गांव-गली में समृद्धि व खुशहाली आ रही है। विगत पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार की अनदेखी और जनविरोधी नीतियों से हमारा पंडरिया विधानसभा विकास से कोसो दूर हो गया था, केवल कुछ ही महीनों में अब भाजपा सरकार में वहां विकास तीव्र गति से आगे बढ़ रही है।

श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भी इन सभी विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं एवं अपने वादों को जिस प्रकार भाजपा सरकार ने निभाया है एवं प्रदेश के युवा, महिला, किसान तथा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है, उससे हमें पूर्ण विश्वास है कि नगरीय निकाय व जिला पंचायत चुनावों में भाजपा प्रचंड विजय हासिल करेगी। जनता के मन में भी इसके प्रति विश्वास अभी से देखा जा रहा है, कि भाजपा जो कहती है वह करती है। आज महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता, किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस का भुगतान, 3100 रुपए में धान खरीदी, गन्ना किसानों का पूर्ण भुगतान, युवाओं के लिए रोजगार तथा शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को 46 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करके मुख्यमंत्री ने हर व्यक्ति एवं वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करने का काम किया है।

**नगर पालिका पंडरिया में 19 विकास कार्यों को मिली स्वीकृति**



विधायक के प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2024-25 अधोसंरचना मद के तहत नगर पालिक पंडरिया अंतर्गत नई महिला चौपाटी निर्माण लागत 31.30 लाख, पुरानी चौपाटी रेनोवेशन कार्य लागत 46.17 लाख, भारत माता चौक सौन्दर्यीकरण कार्य लागत 21.08 लाख, ध्वजा चौक निर्माण लागत19.95 लाख, वार्ड क्र. 10 भाड़ी मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण लागत 16.00 लाख, गांधी चौक सौन्दर्यीकरण कार्य लागत 15.54 लाख, हाई मास्ट लाईट स्थापना लागत 11.23 लाख, वार्ड क्र. 08 घोघरा पारा में सर्वमांगलिक भवन निर्माण लागत 10.00 लाख, यात्री प्रतिक्षालय गांधी चौक के पास लागत 9.44 लाख, वार्ड क्र. 01 मुक्तिधाम में सीसी रोड़ निर्माण लागत 8.00 लाख, मोतिमपुर में जैतखाम से नाला तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 7.49 लाख, रौहा में धनीराम के घर से बैसाखु के घर तक सीसी रोड़ निर्माण लागत 6.16 लाख, वार्ड क्र 14 में सामुदायिक भवन में मंच निर्माण लागत 5.00 लाख, वार्ड क्र. 06 शनिदेव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण लागत 5.00 लाख, वार्ड क्र. 15 दुर्गा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण लागत 5.00 लाख, कुबा खुर्द में हैण्ड पम्प से पुन्नी निषाद के घर तक नाली निर्माण लागत 4.88 लाख, देवपुरा में सहेतरिन के घर से अन्नपूर्णा के घर तक नाली निर्माण लागत 4.88 लाख, वार्ड क्र. 04 प्रहलाद गुप्ता के घर से परमात्मा साहू के घर तक सीसी रोड़ निर्माण लागत 4.50 लाख,वार्ड क्र. 04 महामाया मंदिर से बरगद पेड़ तक सीसी रोड़ निर्माण लागत 4.00 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

# विजय शर्मा ने किया 5 करोड़ 74 लाख 98 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन

### सीसी रोड़, नाली, गार्डन निर्माण व पाइप लाइन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण कार्य



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

कवर्धा शहर को विकास की नई दिशा देते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नगरवासियों को एक बड़ी सौगात दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने 5 करोड़ 49 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर शहर के भविष्य को और सुदृढ़ बनाने की पहल की। इन कार्यों में गार्डन निर्माण, सीसी सड़क और नाली निर्माण, तथा पाइप लाइन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं, जो कवर्धा की बुनियादी सुविधाओं को और सशक्त बनाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने करपात्री स्कूल के सामने गार्डन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए, विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क और नाली निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपए व पाइप लाइन विस्तार के लिए 1 करोड़ 99 लाख रुपए और 25 लाख रुपए की लागत से शिवाजी महाराज की प्रतिमा का भूमिपूजन किया। श्री शर्मा ने कहा कि कवर्धा नगरवासियो के लिए आज का दिन स्वर्णिम व ऐतिहासिक दिन साबित हुआ है। बड़े शहरों की तर्ज पर अब कवर्धा शहर का नाम रौशन रहेगा। विगत वर्षो से विकास कार्य के लिए तरस रहे कवर्धा शहर को संवारने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। कवर्धा शहर की जनताओं के विश्वास पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। विकास कार्य की नींव रखकर अब उसे संवारने की जवाबदारी हमारी छत्तीसगढ़ सरकार की है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रस्तावित कार्यो के लिए बजट में प्रावधान किया जाकर राशि आबंटन की कार्यवाही किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप अब शहरों में विकास कार्य अब मूर्त रूप लेने लगे है। उन्होंने कहा कि कवर्धा को स्वच्छता की दिशा में आगे बढ़ाना है। प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हो इसके लिए कार्य करना है। स्वच्छता के लिए शहर के लोगों की सहयोग की जरूरत है। जिससे हम सभी मिलकर प्रदेश में शहर का नाम पहला स्थान में ला सके।

**विकास कार्य के लिए 28 करोड़ की कार्ययोजना तैयार**

कवर्धा शहर के चार बड़े कार्य, पुराने मंडी में बैकिंग परिषर, चौपाटी निर्माण, सर्व सुविधा युक्त गार्डन और सेवा भक्ति प्रतीक्षालय के लिए 28 करोड़ रुपए का कार्य योजना तैयार किया गया है उक्त प्रस्तावित विकास कार्य के लिए लगभग 28 करोड़ करोड़ रुपए की स्वीकृति भी जल्द प्राप्त की जाएगी। इसके अलावा कवर्धा शहर के चौक चौराहों का सौदर्यीकरण, सड़कों का निर्माण, कॉलोनियों में बुनियादी मूलभूत सुविधाओं तथा आवश्यकताओं के ध्यान में रखते हुए अलग अलग कार्य योजनाएं भी बनाई जाएगी।

# अग्निवंशीय क्षत्रिय पंवार समाज ने डिप्टी सीएम शर्मा से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

शुक्रवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा प्रवास पर थे, इस दौरान विजय शर्मा से कबीरधाम जिला में निवासरत अग्निवंशी क्षत्रिय पंवार समाज के प्रतिनिधियों ने समाज के वरिष्ठ जनों के निर्देशन में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से समाज का प्रतिनिधिमंडल भेंट किया। उपस्थित सदस्यों ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री को जिले में किए जा रहे जनहितकारी एवं बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों जैसे चिल्फी से रेंगाखार मार्ग उन्नयन, नवीन बस स्टैंड हेतु सड़क चौड़ीकरण, नगर के धरोहर चौकों का सौंदर्यीकरण, देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य में धान खरीदी, गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास, जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रशंसनीय सुधार एवं व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया। नगर में समाज को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आबंटित सामुदायिक भवन के लोकार्पण सह उद्घाटन हेतु उपमुख्यमंत्री से समय हेतु पंवार समाज प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने सहर्ष समय प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समाज के लिए आबंटित सामुदायिक भवन के लोकार्पण को झारखंड दौरे से आने के बाद करने हेतु आश्वासन दिए, साथ ही उद्घाटन के दिन भव्य सामाजिक सम्मेलन कराने प्रतिनिधि मंडल से कहा जिससे सभी से भेंट मुलाकात कर वार्ता हो सके। उक्त भेंट के दौरान समाज के वरिष्ठ संरक्षक पीएल ठाकरे, कार्यकारी संचालक चंद्रवेश राणा, डॉ गेमेश चौधरी, नगर अध्यक्ष योगेश ठाकरे, निलेश पटले, चित्रसेन राहंगडाले, देवेन्द्र क्षीरसागर, योगेश फरकाड़े, शिवशंकर राहंगडाले, राजकुमार पटले, त्रिलोक चौधरी, देवेन्द्र राहंगडाले, निर्विकांत पटले, केएस बिसेन, युगल किशोर राहंगडाले, लक्ष्मण हरिनखेड़े, राजेश पटले, संतोष तूरकर, अनिल गौतम, दयानिधि गौतम, ज्ञानेश्वर बिसेन, युवराज हरिनखेड़े, दुर्गेश पटले, नानक ठाकरे सहित समाज के सदस्य उपस्थित थें।

**संस्कार पब्लिक स्कूल में मना विज्ञान मेला**




**हरिभूमि कवर्धा।** संस्कार पब्लिक स्कूल कवर्धा में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया जिसमे 55 बच्चो में प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए जो विभिन्न विषयों पर अपना रिसर्च व मॉडल प्रदर्शनी में रखा यह विज्ञान पखवाडा 04 से 18 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं अपने गाइड शिक्षक के साथ प्रदान किए गए जिसमें विभिन्न विषयों को लेकर प्रयोजन तैयार किए मुख्य रूप से विज्ञान के क्षेत्र अंतरिक्ष विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, भगोलिक विज्ञान, यातायात, गणित, पर्यावरण, जल सुरक्षा, खेती और स्वास्थ आदि विषयों पर तैयार किया गया। अंतिम दिवस समापन समारोह के रूप में स्कूल स्तर पर विज्ञान मेला का आयोजन कर प्रदर्शनी आयोजित किया गया, जिसमे कुल 55 बच्चो ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के निर्णाक आतिथ्य नन्दकुमार सोनी, बलवंत सिंह ठाकुर व विद्या सागय यदु उपस्थित थें वहीं प्रतियोगिता का निरीक्षण कर निर्णय सुनाया गया उक्त प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार मास्टर सिद्धार्थ पटेल जिन्होंने टाइप ऑफ मोशन पर अपना मॉडल तैयार किया जो कि द्वितीय स्थान, मास्टर कृष्णा पटेल तथा तृतीय स्थान मास्टर नवदित मानिकपुरी व नभ मानिकपुरी रहे। तीनो विजेता को निर्णायक द्वारा पुरुस्कृत किया गया। नन्दकुमार सोनी ने विद्यार्थियों को विज्ञान शिक्षा के महत्व और विज्ञान के अनेक क्षेत्रों के बारे में बताया जहा उज्जवल भविष्य का अपना तैयार किया जा सकता है। इस आयोजन में गाइड शिक्षक कृष्णा साहू, सुश्री पल्लवी साहू, भारती देवांगन व आफरीन निशा रहे।







**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9425554555, 8889139071**



## खबर संक्षेप



### घासी साहू को मिली 5 लाख की अनुदान राशि

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम चरडोंगरी निवासी स्व. जलेश्वर साहू के पिता, विपत्तिग्रस्त घासी साहू को 5 लाख रुपए की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया। चेक प्रदान करते समय उपमुख्यमंत्री ने अपनी संवेदना व्यक्त की और पिता को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, क्रांति गुप्ता, सुदर्शन साहू, जीतराम, दुपेश्वर साहू, रमेश साहू सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विगत माह जलेश्वर साहू की खेत में काम करते समय विद्युत तार की चपेट में आने से करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मृतक के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया था, जिससे प्रभावित परिवार को राहत मिली है।उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है और वे हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य लोगों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की बैठक संपन्न

**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला-कबीरधाम की जिला परिषद की प्रथम बैठक अध्यक्ष शेखर बक्शी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक कार्य योजना एवं पूर्व में किए गए कार्यों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कवर्धा में आयोजित बैठक को जिला अध्यक्ष शेखर बक्शी, जिला मुख्य आयुक्त रूपेश जैन, जिला उपाध्यक्ष पीयूष सिंह ठाकुर, पवन कुमार जायसवाल, अनिल दास गुप्ता एवं जिला कोषाध्यक्ष सतीष जैन व सभी ने सम्बोधित किया व स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों को जिले में सुचारू रूप से संचालित करने एवं पूर्ण सहयोग, देने की बात करते हुए अपने-अपने अनुभव को सांझा किया।

**कार्रवाई : अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार**

# चिल्फी पुलिस ने ग्रामीण से जब्त की बड़ी मात्रा में अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फीघाटी

चिल्फी पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम बेंदा निवासी एक ग्रामीण के घर से बड़ी मात्रा में देशी तथा अंग्रेजी शराब जप्त की है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध अपराध क्रमांक 40/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को चिल्फी पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली की थाना क्षेत्र के ग्राम बेंदा निवासी छोटे लाल धुर्वे पिता शुक्ला सिंह धुर्वे उम्र 24 वर्ष अपने घर में बड़ी मात्रा में देशी और अग्रेजी शराब की खेप जमा कर रखा है जिसे वह अवैध ढंग से बिक्री कर धन लाभ अर्जित कर रहा है। इस सूचना के बाद चिल्फी पुलिस ने तत्काल इसकी जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और उनके दिशा निर्देश में एक टीम गठित कर आरोपी छोटे लाल धुर्वे के ग्राम बेंदा स्थित घर में दबिश दी। छापामार कार्यवाही के दौरान छोटेलाल अपने घर में ही मौजूद था। पुलिस ने आरोपी को अपने कब्जे में लेकर घर की तलाशी ली। चिल्फी पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान उसे घर से दो कार्टून और एक बोरी में 182 पौवा देसी प्लेन शराब, एक बोरी में गोवा विस्की 32 पौवा, एक कार्टून में एमडी नम्बर 1 विष्की 24 पौवा, एक कार्टून में 12 बोतल पावर कूल बियर मिली जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। वहीं आरोपी को भी अपराध क्रमांक 40/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक उमाशंकर राठौर, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र नेताम, आरक्षक सुभाष सोनकर, हरजेंद्र रात्रे, आंसू तिवारी, पंकज यादव, अजय चंद्रवंशी, पप्पू पनागर, अमन वाहने का सराहनीय योगदान रहा।

**आरोपी द्वारा मध्यप्रदेश से लाई जाती थी शराब की खेप**



अवैध शराब बिक्री के मामले में गिरफ्त में आए आरोपी छोटे लाल धुर्वे पिता शुक्ला सिंह धुर्वे उम्र 24 वर्ष ने बताया कि वह शराब की खेप मध्यप्रदेश से लेकर आता था और उसे फिर अपने घर से आसपास के ईलाकों में बेंचता था। पुलिस के मुताबिक जप्त की गई सभी शराब मध्यप्रदेश निर्मित है।

# चार दिव्यांगजनों के सपनों को मिली उड़ान

- सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्रामीण क्षेत्रों में सपने अक्सर परिस्थितियों की दीवारों से बंध जाते हैं। जिले के चार दिव्यांगजनों ने अपने साहस और संघर्ष से एक नई कहानी लिखी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से क्षितिज अपार संभावनाएं ने उन्हें एक नया अवसर दिया है, जिससे वे अपनी प्रतिभा और कौशल को पहचान सकें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा विधायक कार्यालय में क्षितिज अपार संभावनाएं अंतर्गत जिले के 04 दिव्यांगजनों को 2 लाख 40 हज़ार रुपये सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। जिले के चार दिव्यांगजनों ने इस सहायता से अपने जीवन में बदलाव लाने का निर्णय लिया है। क्षितिज अपार संभावनाएं योजनांतर्गत ग्राम इंदौरी निवासी संतोष कुमार डहरिया द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर प्रदेश के संवेदनशील उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा द्वारा प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए समाज कल्याण संचालनालय के माध्यम से ग्राम इंदौरी निवासी दिव्यांग अभ्यर्थी संतोष कुमार डहरिया को छ.ग.लो.से.आयोग रायपुर द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र (उ.शि.वि.) परीक्षा-2022 की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं चयन होने के फलस्वरूप 80 हज़ार रूपये, ग्राम भरेवापूरन निवासी बीरेन्द्र अनंत को सहायक संचालक कृषि (कृषि विभाग) परीक्षा-2020 की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं चयन होने के फलस्वरूप 80 हज़ार रूपये, ग्राम कुम्ही निवासी भानु प्रकाश को राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2022 में उत्तीर्ण होने के फलस्वरूप 30 हज़ार रूपये और पंडरिया निवासी कृपेन्द्र तिवारी को राज्य सेवा परीक्षा-2021 में चयनित होने एवं सहायक संचालक, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के पद पर नियुक्त होने के फलस्वरूप 50 हज़ार रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया है। प्रोत्साहन राशि मिलने से संबंधित दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं समाज कल्याण विभाग को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया की समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्षितिज अपार संभावनाए अंतर्गत सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना में संघ, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने, मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं चयन होने पर दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है।

# लोहारीडीह के ग्रामीणों ने कांग्रेस के आंदोलन से किया किनारा, प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कहा नहीं चाहते राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

लोहारीडीह मामले को लेकर 21 अक्टूबर को कांग्रेस द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में किए जाने वाले धरना प्रदर्शन एवं विधायक कार्यालय घेराव कार्यक्रम से ग्राम लोहारीडीह के ग्रामीणों ने कन्नी काट ली है। इन ग्रागीणों ने इस मामले में अपनी मंशा को स्पष्ट करते हुए इससे संबंधित एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर को सौंपा है। जिसमें ग्रामीणों ने कहा है कि वे लोहारीडीह मामले में किसी प्रकार की राजनीति नहीं चाहते और न ही वे 21 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कांग्रेस के धरना प्रदर्शन तथा घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें प्रदेश सरकार पर भरोसा है कि सरकार उनके साथ न्याय करेगी। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के समक्ष यह भी मांग रखी है कि लोहारीडीह मामले में जिन निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनकी जल्द से जल्द रिहाई की जाए। माना जा रहा है कि कांग्रेस के इस बड़े आंदोलन के पूर्व ग्रामीणों का इस तरह से किनारा करना कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कांग्रेस ने लोहारीडीह मामले में शासन-प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए तथा पीड़ित ग्रामीणों को न्याय दिलाने के नाम पर 21 अक्टूबर को जिला मुख्यालय कवर्धा के गांधी मैदान में विशाल धरना प्रदर्शन एवं कवर्धा विधायक कार्यालय घेराव का आयोजन किया है। जिसमें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के कई दिग्गज भी शामिल होंगे। वहीं अब लोहारीडीह के ग्रामीणों का इस तरह से कांग्रेस के धरना प्रदर्शन से किनारा करना जनचर्चा का विषय बना हुआ है।



# खैरडोंगरी सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- सरपंच तथा सरपंच पति पर लगाए कई गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम पंचायत खैरडोंगरी की सरपंच तथा उसके पति पर ग्रामीणों ने मनमानी, शासकीय योजनाओं में गड़बड़ी करने तथा शासन द्वारा ग्राम विकास के लिए स्वीकृत राशि में गबन करने का आरोप लगाया है।

इस संबंध में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया के ग्राम पंचायत खैरडोंगरी में शासन द्वारा सीसी रोड़ के लिए राशि स्वीकृत की थी लेकिन ग्राम सरपंच तथा उसके पति द्वारा बगैर निर्माण के ही स्वीकृत राशि का गबन कर लिया। इसी प्रकार ग्रामीणों का आरोप है कि नल जल योजना के तहत ग्रामीणों के लिए शासन द्वारा नल की व्यवस्था की गई है जिसे उचित स्थानो पर नहीं बनाया गया है।

इस विषय पर पूछने पर सरपंच पति द्वारा धमकी दी जा रही है कि उसे जहां लगेगा वह वहां नल लगवाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच द्वारा इस योजना में भी जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया को सौंपे गए ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया है कि सरपंच द्वारा ग्रामीणों के राशन कार्ड का वितरण नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों को राशन के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी उन्होने अनुविभागीय अधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की है।

इस संबंध में जनपद पंचायत पंडरिया की सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री चित्रा यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत खैरडोंगरी की सरपंच के विरुद्ध शिकायत मिली है। जिसकी जांच के लिए टीम गठित की गई है जो सोमवार को खैरडोंगरी जाएगी और पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करेगी।

# कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पीएम कुसुम योजनांतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पीएम-कुसुम (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) घटक, भारत शासन द्वारा संचालित एक महत्वकांक्षी योजना है।

इस योजना के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जागरूकता के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र में बुधवार को एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी शामिल हुए। कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कृषक महिलाओं को संगठित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए अपने आय में वृद्धि करने की बात कही तथा कृषि कार्यों में अधिक से अधिक भागीदारी करने एवं महिला सशक्तीकरण के लिए निर्णयों में भी अपनी हिस्सेदारी निभाने हेतु प्रेरित किया।

कृषि विज्ञान केन्द्र, के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया एवं वर्तमान परिदृष्य में कृषि के क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण के महत्व एवं स्वच्छ एवं नवनीकरण ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कृषकों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में अंकित कुमार पटेल, सलाहकार ग्रामीण विकास परिवर्तन, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वैज्ञानिक गण एवं जिले के विभन्न गांवों से आये 50 कृषक ने भाग लिया।

# क्षत्रिय पंवार समाज ने भव्यता के साथ मनाया शरद महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शरद पूर्णिमा पर्व पर कबीरधाम जिले में निवासरत अग्निवंशीय क्षत्रिय पंवार समाज द्वारा वनांचल ग्राम रेंगाखार में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य एवं गरिमापूर्ण शरद महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसपर पर पंवार कुल के चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य, चक्रवर्ती राजा भोज, आराध्य मां गढ़कालिका के तैल चित्र की पूजन अर्चना पश्चात विभिन्न आयोजन किए गए। कार्यक्रम में क्षेत्र से सभी स्वजातीय जन एकत्र हुए और सभी सदस्यों ने पूर्ण सहभागिता से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में समाज की मातृ शक्ति की उपस्थिति एवं सहभागिता सराहनीय रही। समाज के वरिष्ठ एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रहे स्व डॉ तिलकराम राणा को सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके क्षेत्र, समाज के प्रति योगदान को याद किया। प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया गया। रात्रि 12 बजे के पश्चात सभी ने अमृत रूपी खीर का सेवन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कपूरचंद ठाकरे ने की वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र पटले, डॉ कमल राहंगडाले, सालिकराम पटले, ठाकुर जोगीराम, तोकसिंह राहंगडाले एवं कवर्धा इकाई के सदस्य उपस्थित थे।



## करवा चौथ को लेकर सजा नगर का बाजार...

**कवर्धा।** आने वाले 20 अक्टूबर को पड़ने वाले सुहागिनो के सबसे बड़े त्यौहार करवा चौंथ को लेकर सुहागिन महिलाओं की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इस पर्व को लेकर वैसे तो सभी सुहागिन महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है लेकिन उन नवविवाहितों के कहने ही क्या जो पहली बार अपने सुहाग की मंगल कामना के लिए निर्जला करवा चौथ का व्रत रखने जा रही है। इन नवविवाहिताओं द्वारा पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। महिलाओं के इस उत्साह को देखते हुए नगर के बाजार में भी करबा चौथ को लेकर मिट्टी के रंग बिरंगे सजे धजे करवा से लेकर चलनी और तरह-तरह के महिलाओं के लिए साजो सामान की दुकाने सज चुकी है। जिनमें महिलाओं द्वारा जमकर खरीदी भी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि करवा चौथ के मौके पर सुहागिनों द्वारा निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु और स्वास्थ्य की मंगल कामना करती है और दिनभर व्रत रखने के बाद इन सुहागिनों द्वारा रात में चंद्र दर्शन कर विधि विधान से पूजा की जाती है और अपने पतियों के हांथ से पानी पीकर व्रत खोला जाता है।



**मंत्री ने छत्तीसगढ़ में नवाचार की नई क्रांति को किया साझा**

# स्वदेशी मेला में पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कहा हमें अपने देश में उत्पादित वस्तुओं पर गर्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के पीजी कालेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला के दूसरे दिन शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भारत माता की तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दिप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभांरभ किया। उन्होंने इससे पहले स्वदेशी मेला का अवलोकन किया। कबीरधाम जिले के महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों और अन्य प्रांतो से आए स्वदेशी विक्रेता ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का स्वागत और अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मेले के अवलोकन के दौरान स्वदेशी मेला के भव्यता देखकर बहुत अभिभूत हुए। उन्होंने दूसरे राज्यो से आएं स्वदेशी विक्रेता का कवर्धा की इस धरती पर स्वागत और अभिनंदन किया। स्वदेशी मेला के दूसरे दिन अंचल शर्मा और उनकी म्यूजिकल ग्रुप के कार्यक्रम की प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, श्रीमती कमल सोनी, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, संतोष पटेल, नंदलाल चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, अतुल देशलहरा, जसविंदर बग्गा, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सुनील दोशी, सनत साहू, मनीराम साहू जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का यह एक शानदार अवसर है। हमें अपने देश के उत्पादों पर गर्व करना चाहिए और उन्हें अपनाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने यह भी कहा कि ऐसे मेलों का आयोजन हमारे सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने और स्थानीय उद्यमियों के विकास में समर्थन देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज स्वदेशी का संकल्प है हमे इस दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए, लेकिन ग्लोबल मार्केट में हमारा प्रोडक्ट होना चाहिए। हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया दोनों कॉन्सेप्ट से देश में कार्य प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा है कि हमारे देश में नवाचार और स्टार्टअप बढ़ना चाहिए। स्टार्ट बढ़ाने के लिए हमारे छत्तीसगढ़ के मुखिया श्री विष्णुदेव के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया आई हब छत्तीसगढ़ संस्था का प्रारंभ किया जा रहा है। आई हब गुजरात की तरह है। उन्होंने इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी युवा या व्यक्ति के पास टेक्नोलॉजी में नवाचार करने का आइडिया है लेकिन उसके पास संसाधन नहीं है तो उन्हें साधन और संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से नवाचार उभर कर सामने आए और एक नई दिशा मिले। उन्होंने बताया कि इसके लिए गुजरात से ओएमयू किया गया है। छत्तीसगढ़ में आई हब का प्रारंभ नवंबर से रायपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रारंभ किया जाएगा। ये स्टार्टअप स्वदेशी होगा। जिसे हमें आगे आने वाले सालों में आई हब छत्तीसगढ़ में बनने वाला नवाचार को स्वदेशी मेला में देखने मिलेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 26 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411